K24U 1727

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

NAVAJYOTHI COLLEGE
KANNUR DT.
670511
POST BAG NO. CHERUPUZHA

**Second Semester B.Com./B.B.A./B.B.A. (RTM/TTM/AH)/BTTM/LRP Degree (CBCSS – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2024**
**(2019 Admission Onwards)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08 – 1HIN : व्यावहारिक हिन्दी (Vyavaharik Hindi)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) सांप्रदायिकता एक अभिशाप विषय पर अपना विचार निबन्धात्मक शैली में प्रकट कीजिए ।

2) इंटरनेट की दुनिया संबन्धित अपना मत निबन्धात्मक शैली में प्रकट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) अपने महाविद्यालय में से श्रेष्ठ खिलाड़ी पदक प्राप्त अपने मित्र से एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

एक आदमी – लालची – तपस्या करना – देवता का प्रत्यक्ष होना – थैली में सोने के सिक्के डालना – जमीन पर न गिरे – गिरने पर मिट्टी हो जाने की चेतावनी – थैली का भर जाना – आगे भी थेली पसारते रहना ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । **(3×3=9)**

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

Looking at the age when a man led a life like a savage, we notice how far we have come. Similarly, the evolution of mankind is truly commendable. One of the major driving forces behind this is science. It makes you think about the wonder of science and how it has proven to be such a boon in our lives. Most importantly, science has helped develop a great civilization. All the advancements that man has been able to make are with the help of science only. However, it won't be wrong to say that science is a two-edged sword. It comes with its own set of advantages and disadvantages.

P.T.O.

6) अंग्रेजी में या मलयालम में अनुवाद कीजिए ।

दुनिया के कई देशों में मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । इसे लेबर डे, श्रमिक दिवस या मई डे भी कहा जाता है । श्रम दिवस एक विशेष दिन है जो मजदूरों और श्रम वर्ग को समर्पित है । यह मजदूरों की कड़ी मेहनत को सम्मानित करने का दिन है । ज्यादातर देशों में इसे 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है । श्रम दिवस का इतिहास और उत्पत्ति अलग-अलग देशों में अलग-अलग है । विद्यार्थियों को कक्षा में मजदूर दिवस पर निबंध लिखने, मजदूर दिवस पर भाषण देने के लिए कहा जाता है । इस निबंध की मदद से विद्यार्थी अपनी तैयारी कर सकते हैं ।

7) आपके कॉलेज के वार्षिकोत्सव के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) आपके द्वारा आर्डर किए गए माल के समय पर न मिलने से कोरियर ऑफीसर के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) निम्न लिखित शब्दों को अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।

1) अनुदान, संपर्क अधिकारी
2) योग्यता, शाखा
3) वर्गीकरण, ग्राहक
4) अनुदान, सूची
5) प्रबन्धक, पंजीकरण
6) पहचान, विश्वविद्यालय

10) निम्न लिखित शब्दों को हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

1) Insurance, Journalism.
2) Nomination, Parliament.
3) Temporary, Traffic.
4) Benefit, Receipt.
5) Voyage, Secretary.
6) Sample, Zero.

11) आपने मुहल्ले में अपनी माँ और सहेलियों ने मिलकर एक साबुन का निर्माण किया है । उसकी उचित बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

लगभग हर जीव में जीवित रहने के लिए कुछ उत्तेजनाओं पर प्रतिक्रिया करने की प्रवृत्ति होती है । प्रत्येक स्थिति के लिए इस प्रतिक्रिया का अनुकूलन का एक विकासवादी आधार होता है । मानवीय भावनाओं का अध्ययन 19 वीं शताब्दी से शुरू हुआ है और मनोवैज्ञानिकों ने हर भावना के लिए कई कारणों की खोज की है, फिर भी ये केवल सिद्धांत हैं । कहा जाता है कि भावनाओं का उत्तेजना और उनकी ग्रहण की गई संरचना किसी स्थिति के साथ बार-बार मुठभेड़ के बाद मुठभेड़ के अनुकूलन के कारण होती है । मानवीय भावनाओं को भावना-एकत्रण तंत्र को अनुकूल रूप से विनियमित करने से जोड़ा गया है । डर की भावना जो मस्तिष्क के प्राचीन भागों से जुड़ी है, संभवतः हमारे स्तनधारी पूर्वजों के बीच विकसित हुई है, जबकि माँ के प्यार की भावना जिसे 'पुत्रवत भावना' कहा जाता है, शुरुआती स्तनधारियों के बीच विकसित हुई है । विभिन्न भावनाएँ हेरफेर करने वाली रणनीतियों के रूप में काम करती हैं जो जीवित रहने के पक्ष में हैं । किसी आरोपी व्यक्ति द्वारा भावनाओं का दिखावा करना उसे सज़ा से बचाने में मदद कर सकता है । क्रोध का अतिरंजित प्रदर्शन किसी को हेरफेर करने या धमकी देने से भी जुड़ा हुआ है ।

V. एक या दो वाक्यों में किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) सर्वनाम की परिभाषा लिखकर उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

14) कारक की परिभाषा लिखिए । उसके भेदों का उल्लेख कीजिए ।

15) विकारी शब्द माने क्या है ? उसके भेद क्या-क्या है ?

16) संज्ञा की परिभाषा लिखकर उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

17) सहायक क्रिया माने क्या है ? उदाहरण सहित लिखिए ।

18) विशेषण कितने प्रकार के हैं ? क्या-क्या हैं ?

19) वचन बदलिए ।

बेटा, लड़की, घर, पानी

20) मुझको गा सकता है (शुद्ध कीजिए)

21) वे यहाँ पढ़ता है । (शुद्ध कीजिए)

22) उससे चला नहीं जाता (वाच्य बदलिए)

K23U 1960

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

NAVAJYOTHI COLLEGE CHERUPUZHA KANNUR DT. 670511

**II Semester B.Com. /B.T.T.M. /B.B.A. /B.B.A. – T.T.M. /B.B.A. – R.T.M. /B.B.A. – A.H. / B.A. /B.M.M.C. Degree (CBCSS – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2023**

**(2019 Admission Onwards)**

**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**

**2A08-1HIN : व्यावहारिक हिन्दी (Vyavaharik Hindi)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) मानव के लिए समय कितना महत्वपूर्ण है ? व्यक्त कीजिए ।

2) भ्रष्टाचार सर्वव्यापी है, समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को कैसे दूर करें ? स्पष्ट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) काव्य - प्रतियोगिता में प्रथम आनेवाले सूरज से एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

एक बूढ़ा किसान — किसान के तीन आलसी बेटे — किसान का बीमार पड़ना — बेटों को बुलाना — खेत में खज़ाना गडा हुआ — ऐसा कहना — किसान की मृत्यू — ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । **(3×3=9)**

5) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

Habits of man are formed in his childhood. The plant becomes habituated of the soil and manure which it gets from the beginning. In the interest of the Country's welfare the people of that country should be taught to be industries, economical and self sacrificing from the very childhood. Stories of Chivalry should be narrated to then so that the plant of bravery may be planted in their impressionable hearts in young age. Some people are of the opinion that the children should be given full freedom, but I am not in favour of such freedom which distracts from the right path. Children of today are

P.T.O.

the citizens of tomorrow, on them depends the future of the country. They should be led to the right path from the very beginning. Otherwise, if things go wrong, we shall have nothing but tears of repentance.

6) **अंग्रेज़ी** में या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

साल का पहला दिन है । जो वर्ष कल तक था वह सदा के लिए चला गया । अब यह वापस नहीं आएगा । काल अनन्त है । समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है । पिछला साल बीत गया । अब नया साल चालू हुआ । लेकिन बीच में जोड़ दिखाई नहीं पडता है । जलधारा की तरह ही समय की धारा है । नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन होती है, फिर भी बहती रहती है । साल समाप्त होकर अनन्त काल में विलीन हो गया और नया साल शुरू हो गया । दिन, रात, पक्ष, मास और साल तो माप हैं । समय के नापने के पैमाने हैं । दिन और रात छोटे-बडे हो सकते हैं । अर्थात् माप छोटा-बडा हो सकता है लेकिन मापी जाने वाली चीज़ तो छोटी-बडी नहीं होती है । समय अनन्त है अक्षय है ।

7) आपको कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है । नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी के व्यवस्थापक को सूचित करते हुए शीघ्र ही पुस्तक भिजवाने हेतु एक पत्र लिखिए ।

8) आपके कॉलेज में युवा-महोत्सव का आयोजन के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेज़ी** में अनुवाद कीजिए ।

1) लेखा, स्वीकृति
2) अग्रिम, सम्बद्ध
3) ग्राहक, भत्ता
4) लेखा परीक्षक, लेखाकार
5) परिपत्र, रकम
6) नामांकन, संचालक

10) निम्नलिखित शब्दों को **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Classification, Qualification
2) Exchange, Amount
3) Grant, Fixed

4) Revenue, Registration
5) Acknowledge, Application
6) Discount, Demand

11) बच्चों के स्वास्थ्य एवं सौन्दर्य बढ़ाने के लिए एक साबुन आपने विकसित किया है । उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

गान्धीजी बाल्यावस्था में साधारण व्यक्ति थे । पढ़ने में विशेष रुचि न लेते थे । खेलों से उन्हें अरुचि थी । अनुचित बात को वह कभी न मानते थे । भारत वर्ष में विदेशी सत्ताधारियों को उन्होंने डटकर सामना किया । संपूर्ण भारतवासियों को स्वदेश भावना से आन्दोलित किया । उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध भाषण दिए, सभाएँ की । समाचार पत्रों में वक्तव्य छपवाए । असहयोग आन्दोलनों का सफलतापूर्वक संचालन किया । फिर भारत को स्वतन्त्र कराकर सांप्रदायिकता की बलिवेदी पर अपनी प्राणाहुति भी दे दी ।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) अविकारी शब्द किसे कहते हैं ?

14) सर्वनाम का परिचय दीजिए ।

15) विशेषण किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइए ।

16) संज्ञा क्या है ? सोदाहरण समझाइए ।

17) वचन बदलिए ।

कमरा, कपडा, पत्ता, लडका

18) लिंग बदलिए ।

नौकर, पंडित, माता, बेटा

19) आप यहाँ बैठो । (शुद्ध कीजिए)

20) मोहन का स्वास्थ ठीक है । (शुद्ध कीजिए)

21) 'आँख का तारा' (मुहावरे का अर्थ समझाइए)

22) हम रोज़ नहाते हैं । (वाच्य बदलिए)

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

**K22U 1260**

**II Semester B.Com./B.T.T.M./B.B.A./B.B.A.-T.T.M./B.B.A.-R.T.M./B.B.A.-A.H./ B.A./B.M.M.C. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Reg./Supple./Imp.) Examination, April 2022**
**(2019 Admission Onwards)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08-1HIN : व्यवहारिक हिंदी (Vyavaharik Hindi)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा से हानी या लाभ विचार कीजिए ।

2) 'नारी और नौकरी'' विषय पर अपना मत प्रकट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 2021 टोक्यो ओलंपिक्स में भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा से हुई एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

दो भाई घर में अकेले .............. फाइल में आतंकियों की जानकारी ..............आतंकियों का घर में घुसना .............. फाइल ढूंढना .............. कमरे में बंद .............. आतंकी गिरफ्तार ..............।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : **(3×3=9)**

5) **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

We must take plenty of exercise. To make the body strong we must take it. The parts that are most used become the strongest and those we use the least will be the weakest. The arms of blacksmith are very strong because he uses them so much. Ours are weaker than his because we uses them much less. The boy who works and plays in open air grows strong and healthy, but the boy who sits indoors and does not take exercise grows up to be a weak and unhealthy man.

6) **अंग्रेजी** में या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

विज्ञापन की विभिन्न लोगों ने भिन्न–भिन्न प्रकार से परिभाषा की है । यह स्पष्ट और सरल रूप में विक्रय कला के मुद्रित रूप के अतिरिक्त और कुछ नहीं है । डॉ. जोंस के अनुसार यह उत्पादन को बहुत बड़ी मात्रा में बेचने की एक मशीन है, जो एक विक्रयकर्ता की वाणी और व्यक्तित्व की कमी को उसी प्रकार पूरा करती है जिस प्रकार उत्पादन कार्य में मशीन दस्तकार के हाथों की कमी को पूरा करती है । सरल रूप में कहें तो विज्ञापन मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरित करने उसमें वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा पैदा करने और उस वस्तु को रखने की इच्छा पैदा करने की कला है ।

7) आंखों देखी एक सड़क दुर्घटना के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) एक कॉलेज में एक प्राध्यापक का पद रिक्त है, इस पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) अग्रिम, रोकड़
2) प्रतिलिपि, पृष्ठांकन
3) शुल्क, अनुदान
4) पत्रकारिता, प्रबंधक
5) मंत्रालय, सचिवालय
6) सदस्य, योग्यता।

10) निम्नलिखित शब्दों के **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Balance, Administration
2) Commission, Director
3) Notice, Receipt
4) Transfer, Vice Chancellor
5) Typist, Section.
6) Agent, Contractor

11) जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी आप को भेजनी है । उसका एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

आज का युग प्रचार का युग है । विज्ञापन की व्यापार में सफलता प्राप्त करने के लिए बड़ी आवश्यकता पड़ती है । समाचार पत्र विज्ञापन का सस्ता, अच्छा और सुलभ साधन है । व्यापार में सफलता चाहने वाले व्यवसायी आज समाचार पत्र की सहायता लेते हैं। कारण समाचार पत्र किसी वस्तु या व्यापार को हजारों लाखों निगाहों के सामने एकाएक रख देने का एकमात्र साधन है। आजकल तो समाचार पत्रों में व्यापारी लोगों के लिए अनेक सूचनाएं भी होती हैं । वे समाचार पत्रों को पढ़कर बाजार भाव, व्यापारिक जानकारी, मंडियों में माल की आमद आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । सारांश में समाचार पत्र व्यापारी को महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करता है, जिससे उसके व्यापार की उन्नति होती है ।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्ही **8** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) सर्वनाम क्या है ? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

14) वचन बदलिए : रात, पशु, आंख, बहू

15) इसमें हमका कोई दोष नहीं (शुद्ध कीजिए)

16) कारक क्या है ? उसके कितने भेद हैं ?

17) आंखों पर बिठाना । (मुहावरे का अर्थ समझाइए)

18) एक अनार सौ बीमार । (लोकोक्ति का अर्थ समझाइए)

19) वाक्यांश के लिए **एक** शब्द लिखिए :

a) प्रतिदिन होने वाला

b) जिसका धर्म से संबंध हो

20) विकारी और अविकारी शब्द में क्या अंतर है ?

21) विशेषण क्या है ? उदाहरण दीजिए । कितने भेद है ?

22) लिंग बदलिए : बच्चा, हाथी, नौकर, पंडित ।

K21U 3498

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

# II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.(RTM)/B.B.A.(TTM)/B.B.A.(AH)/B.T.T.M./ Degree (CBCSS – OBE – Reg./Sup./Imp.) Examination, April 2021
## (2019 Admission Onwards)
## ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
## 2A08 – 1HIN : Vyavaharik Hindi

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'प्रदूषण की समस्या' – विषय पर विचार कीजिए ।

2) हमारे जीवन में व्यायाम और खेल की अनिवार्यता पर अपना मत प्रकट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) आपके कॉलेज में अनुशासन लाने के विषय में प्राचार्य के साथ आपका एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) नीचे दिए हुए संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

चार विद्वान मित्र ________ ज्ञान अर्जित ________ संपूर्ण देश का भ्रमण ________ पांच वर्ष बाद चारों लौटे और एक जंगल में मिलन ________ शेर के शरीर की एक हड्डी ________ एक ने कहा ________ शेर का पूरा अस्थि पंजर बन सकता हूँ । दूसरे ________ मांस और रक्त प्रदान ________ तीसरा ________ प्राण ________ उसका हठ देखकर चौथा पेड पर ________ तीसरे के मन्त्र द्वारा शेर पर प्राण ________ तीनों को मारकर खा लिया । चौथे ने ________ प्राण बचा लिया ।

P.T.O.

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । **(3×3=9)**

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

It has been noticed that inspite of repeated instructions several class IV officials do not put on their full uniform while on duty in Office. The class IV Officials is once again instructed that during office hours they should invariably put on the uniform supplied to them. In further, if any such officials is found without uniform he will be sent back home and will be treated as on leave without pay for that day.

6) अंग्रेज़ी या मलयालम में अनुवाद कीजिए ।

छोटा परिवार वास्तव में सुखी परिवार होता है । इसका मुख्य कारण है महंगाई, जिसके कारण बड़े परिवार का गुज़ारा बहुत कठिन से होता है । परिवार के प्रत्येक सदस्य को भोजन, कपड़ा, शिक्षा और निवास की आवश्यकता होती है । इसका अर्थ है ज्यादा खर्च । एक आदमी की आय सीमित होती है । अत: बड़ा परिवार होने पर जीवन स्तर नीचे गिरेगा । इसलिए छोटा परिवार एक आर्थिक आवश्यकता है ।

7) आपके कॉलेज में घटित एक घटना पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) टिकट चेकर के अभद्र व्यवहार पर राज्य परिवहन के महाप्रबंधक को एक शिकायती पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।

1) शाखा, लिपिक
2) नियंत्रण, वाणिज्य
3) ग्राहक, अनुवाद
4) विभाग, वितरण
5) अनुमान, आयात
6) व्यय, सूची

10) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

1) Rate, Reference
2) Parliament, Resignation
3) Notification, Temporary
4) University, Tender
5) Secretary, Strike
6) State Government, Industry.

11) एक स्वादिष्ट चॉकलेट (CHOCOLATE) आपने विकसित किया है । उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

मोबाइल फोन आज के समय में सबसे उपयोगी और जरूरी वस्तु हो गई है । दुनिया में आज के समय में हर दुसरे इन्सान के पास मोबाइल फोन है । पहले एक जगह से दूसरी जगह बात करने के लिए चिट्ठियां चला करती थी, फोन में टेलीग्राम हुआ करते थे, जिसमें नंबर लगाकर घंटों, या कई दिन तक इंतजार के बाद बात हो पाती थी । फिर कुछ समय बाद घर में फोन आ गया, जिसे लैंडलाइन कहा गया । लैंडलाइन के द्वारा देश, विदेश में सब जगह बात होने लगी । फिर कुछ समय बाद विज्ञान ने और तरक्की की और वायरलेस फोन का निर्माण हुआ, जिसे मोबाइल कहा गया ।

V. एक या दो वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) 'विशेषण' और 'विशेषण के भेद' ।
14) सर्वनाम सोदाहरण समझाइए ।
15) अधिकरण कारक का परिचय दीजिए ।
16) संज्ञा और उसके भेद ।
17) क्रिया का सामान्य रूप और धातु से क्या तात्पर्य है ?
18) प्रेरणार्थक क्रिया क्या है, उदाहरण देकर समझाइए ।
19) क्रिया विशेषण से तात्पर्य क्या है ?
20) मुझको गीत गा सकता है । (शुद्ध कीजिए)
21) रखुनाथ ने रोटी खाया । (शुद्ध कीजिंए)
22) वचन बदलिए – आँख, घर, स्त्री, बहू ।